एडवांस टेक्निकल एण्ड इण्डस्ट्रीयल ट्रेनिंग सेंटर

(ए प्रीमियर इंस्टीट्यूट ऑफ पीथमपुर ऑटो क्लस्टर)

मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम

ATITC
Training that Drives the future

मासिक समाचार पत्र

सितम्बर - 2026, अंक - 13

"अपनी बात"

कौशल, नवाचार एवं औद्योगिक अनुभवरू उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला

मनोज शर्मा
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कछ मोटर्स प्रा.लि.
पीथमपुर, इन्दौर

आज का औद्योगिक जगत तेजी से बदल रहा है। तकनीकी विकास, ऑटोमेशन, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग ने उद्योगों के कार्य करने के तरीकों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। ऐसे समय में आईटीआई के विद्यार्थियों के सामने अनेक नए अवसर हैं। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए केवल तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय के साथ अपने कौशल को विकसित करना और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को समझना भी आवश्यक है। वर्तमान में मैन्युफैक्चरिंग और मशीनिंग उद्योग एक नए परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मशीनों के साथ–साथ CNC, VMC मशीनिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, प्रिसिजन इंजीनियरिंग और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। मैं आईटीआई के सभी विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ कि वे अपनी तकनीकी शिक्षा को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रखें। मशीनों की कार्यप्रणाली, ड्रॉइंग रीडिंग, माप उपकरणों का सही उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण, मशीन मेंटेनेंस और औद्योगिक सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही CNC, VMC प्रोग्रामिंग, CAD/CAM, ऑटोमेशन तथा डिजिटल टूल्स जैसी नई तकनीकों को सीखने का प्रयास करें। निरंतर कौशल उन्नयन (Skill Upgradation) ही आपको बदलते औद्योगिक परिवेश में प्रासंगिक और सक्षम बनाए रखेगा। तकनीकी दक्षता के साथ–साथ आत्म–विकास (Self & Development) भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अनुशासन, समय प्रबंधन, टीमवर्क, प्रभावी संवाद, सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना एक सफल पेशेवर की पहचान हैं। विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण में प्रशिक्षण, आधुनिक मशीनों पर कार्य करने का अनुभव और उद्योग विशेषज्ञों से सीखने के अवसर मिलने चाहिए। इससे शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी कम होगी तथा युवाओं की रोजगार–योग्यता में वृद्धि होगी। अंत में, मैं सभी विद्यार्थियों को यही संदेश देना चाहता हूँ कि सीखना कभी बंद न करें। नई तकनीकों को अपनाएँ, अपनी क्षमताओं को पहचानें और हर चुनौती को सीखने के अवसर के रूप में देखें। आपका ज्ञान, मेहनत और नवाचार ही भारत के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं सफल करियर के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

– गतिविधियाँ –

1. शिक्षक दिवस समारोह :

एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में 05 सितम्बर 2026 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक–एक कर संस्था के प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. राकेश कुमार दांगी एवं सभी प्रशिक्षण अधिकारियों (को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ (Bouquet) एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावभिना अभिनंदन व सम्मान किया। छात्रों ने अपने वक्तव्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को और अधिक यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण अधिकारियों हेतु विशेष मनोरंजक एवं मजेदार गेम्स का आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षण अधिकारियों ने अपनी दैनिक दिनचर्या से इतर पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय और प्रशासनिक अधिकारी ने शिक्षक दिवस के ऐतिहासिक महत्व, गुरु–शिष्य परंपरा और इसके वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण और सही जीवन मूल्य सिखाने का माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं के उज्जवल एवं सफल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

2. गणेश उत्सव :

एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में 14 सितम्बर 2026 को अनंत फलदायी एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी के उत्सव का अत्यंत धूम–धाम और भक्तिभाव के साथ शुभारम्भ किया गया। संस्थान प्रांगण में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार, ढोल–नगाड़ों की थाप और गणपति बाप्पा मोरया के जयघोष के साथ की गई। इस 11 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न अंतर–विभागीय प्रतियोगिताओं और खेल–कूद का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने इसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली स्पर्धा में अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रांगण में मटकी फोड़, कुर्सी रेस, निशानेबाजी और रोमांचक रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों का जोश और टीम वर्क देखने लायक था। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और उन्हें औद्योगिक जगत की बारीकियों से अवगत कराने के लिए विशेष अतिथि सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीथमपुर की प्रसिद्ध कंपनी "कछ मोटर्स" (Kach Motors) से, श्री मनोज शर्मा जी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी – CEO) एवं श्री शैलेन्द्र तिवारी जी (प्लांट हेड – Plant Head) को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री मनोज शर्मा और श्री शैलेन्द्र तिवारी ने वर्तमान समय में उद्योगों की बदलती माँगों और आधुनिक तकनीकों के अनुरूप खुद को ढालने के टिप्स दिए। भविष्य में ऑटोमोबाइल और मैकेनिकल क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक कौशल और अनुशासन विकसित करने के लिए प्रेरित किया। भक्ति, संस्कृति और व्यावहारिक मार्गदर्शन का यह 11 दिवसीय संगम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रहा। इस आयोजन ने छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों के साथ–साथ प्रतिस्पर्धात्मक भावना और करियर के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

3. श्री विश्वकर्मा पूजन :

दिनांक 17 सितम्बर 2026 को एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में सृष्टि के प्रथम शिल्पी एवं वास्तुकला के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्था प्रांगण में भव्य पूजन एवं वैदिक विधि–विधान से हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातरूकाल भगवान श्री विश्वकर्मा जी के चित्र–प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। संस्था के प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. राकेश कुमार दांगी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात, सुख–समृद्धि, तकनीकी उन्नति एवं संस्थान की प्रगति की मनोकामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में संस्था के सभी कर्मचारियों, संकाय सदस्यों और छात्र–छात्राओं ने पूर्ण भक्तिभाव के साथ आहुतियाँ दीं और वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान विश्वकर्मा को शिल्प, निर्माण और तकनीकी ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पूजन–हवन के उपरांत संस्था के सभी प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा वर्कशॉप और प्रयोगशालाओं में स्थापित सभी मशीनों, औजारों एवं आधुनिक तकनीकी संयंत्रों का तिलक लगाकर पूजन किया गया। पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के उपरांत संस्था द्वारा विशाल भोजन (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के प्रबंधन, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सभी छात्र–छात्राओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

4. टेबल टेनिस मशीन का उद्घाटन :

दिनांक 17 सितम्बर 2026 को एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर, में पीथमपुर ऑटो क्लस्टर के बोर्ड डायरेक्टर श्री विक्रम गुप्ते जी के द्वारा स्वनिर्मित टेबल टेनिस एवं स्वचालित बॉलिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में पीथमपुर ऑटो क्लस्टर की सी एफ ओ श्रीमती प्रेरणा जैन उपस्थित रहे। सभी छात्र – छात्रों को सम्बोधित करते हुए श्री विक्रम गुप्ते जी ने कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत के महत्व के बारे में अपने विचार साझा किये। साथ उन्होंने सभी छात्र – छात्राओं को वर्तमान समय और भविष्य में अपनाई जाने वाला नवीन तकनीकों के बारे में जानकरी प्रदान की। श्रीमती प्रेरणा जैन द्वारा सभी छात्र –छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि श्री विक्रम गुप्ते जी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ श्री राकेश कुमार दांगी द्वारा उनका आभार प्रकार किया गया।

5. विद्यालय छात्र – छात्राओं द्वारा भ्रमण :

दिनांक 18 एवं 23 सितम्बर 2026 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर के छात्र–छात्राओं द्वारा एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर (ATITC) का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को संस्था में संचालित विभिन्न कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अवगत कराया गया तथा संबंधित प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं एवं पुस्तकालय का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. राकेश कुमार दांगी द्वारा छात्र–छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के महत्व, विभिन्न ट्रेडों में उपलब्ध प्रशिक्षण अवसरों तथा प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य में उपलब्ध होने वाले रोजगार एवं करियर के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए प्रेरित करना था।

5. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के छात्र – छात्रों द्वारा भ्रमण :

संस्थान में दिनांक19 सितम्बर 2026 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (DAVV) के एम.बी.ए. (MBA) संकाय के छात्र–छात्राओं हेतु एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के विद्यार्थियों को तकनीकी प्रक्रियाओं, औद्योगिक कार्यप्रणाली और व्यावहारिक प्रबंधन पहलुओं से अवगत कराना था। विद्यार्थियों के दल का एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर पहुँचने पर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा ने स्वयं सभी छात्र–छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को पूरे संस्थान का परिसर भ्रमण कराया।भ्रमण के दौरान प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा ने विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों, आधुनिक कार्यशालाओं, प्रयोगशालाओं एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कैसे तकनीकी दक्षता और प्रबंधकीय कौशल मिलकर एक सफल औद्योगिक संरचना का निर्माण करते हैं। संस्थान भ्रमण के पश्चात सभी विद्यार्थियों को टूल रूम – इंडो टूलिंग प्राइवेट लिमिटेड, महू का विशेष औद्योगिक भ्रमण कराया गया, इस दौरान निर्माण प्रक्रिया विद्यार्थियों ने कारखाने की लाइव प्रोडक्शन लाइन में निर्माण प्रक्रियाओं, टूल्स के निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण को करीब से देखा। तकनीकी एवं प्रबंधकीय पहलू, टूल रूम के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को मशीनों के संचालन, शॉप–फ्लोर मैनेजमेंट, इन्वेंट्री नियंत्रण और औद्योगिक सुरक्षा मानकों के तकनीकी व प्रबंधकीय पहलुओं के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ जमीनी स्तर पर औद्योगिक प्रबंधन की कार्यप्रणाली को गहराई से समझा।

6. विक्रांत कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा भ्रमण :

एडवांस टेक्निकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में दिनांक 30 सितम्बर 2026 विक्रांत कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग संकाय के डिप्लोमा और बी ई के छात्र छात्राओं द्वारा भ्रमण किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री अंशुल मिश्रा द्वारा सभी छात्र छात्राओं एवं उनके साथ विक्रांत कॉलेज के श्री महेंद्र दावंडे (हेड , मैकेनिकल विभाग) तथा श्री विपिन पाटीदार (फैकल्टी , मैकेनिकल विभाग) का स्वागत किया गया। साथ संस्था में इंजीनियरिंग संकाय छात्र छात्राओं हेतु संचालित पाठ्यक्रमों और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रशासनिक अधिकारी डॉ राकेश कुमार दांगी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को करियर उन्नयन हेतु महत्वपूर्ण जानकरी दी गई। विक्रांत कॉलेज के श्री महेंद्र दावंडे एवं श्री विपिन पाटीदार द्वारा संस्था के प्राचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया। इसके बाद सभी को संस्था का भ्रमण करवाया, जहाँ उन्होंने लेथ, मिलिंग इत्यादि मशीनों के साथ सी एन सी मशीनों , प्रोडक्ट डेवलोपमेन्ट सेल में स्वनिर्मित उत्पादों जैसे क्रिकेट बॉलिंग मशीन , टेबल टेनिस बॉलिंग मशीन इत्यादि के बारे में जानकरी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों ने मशीनों के संचालन, निर्माण प्रक्रिया और व्यावहारिक तकनीकों के बारे में मूल्यवान ज्ञान प्राप्त किया। छात्रों के अपार उत्साह और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में यह शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफल एवं उपयोगी रहा।

तकनीकी पृष्ठ

GRADE OF SURFACE FINISH

Surface Finish No.	Ra Value (µm)	Symbols (on drawing)
N1	0.025	▽▽▽▽
N2	0.05	▽▽▽▽
N3	0.1	▽▽▽▽
N4	0.2	▽▽▽
N5	0.4	▽▽▽
N6	0.8	▽▽▽
N7	1.6	▽▽
N8	3.2	▽▽
N9	6.3	▽▽
N10	12.5	▽
N11	25	▽
N12	50	~

Ra Value (Average Roughness)



Example (on drawing)



Smoother Finish (Lower Ra value)

Rougher Finish (Higher Ra value)

N1	▽▽▽▽
N2	▽▽▽▽
N3	▽▽▽▽
N4	▽▽▽
N5	▽▽▽
N6	▽▽▽
N7	▽▽
N8	▽▽
N9	▽▽
N10	▽
N11	▽
N12	~

Important Points :-

1. Lower Ra value = Smoother surface finish.
2. Higher Ra value = Rougher surface finish.
3. As the surface finish number (N) increases, the surface becomes rougher.

"सफलता की कहानी"

मेरा नाम खुशी पटेल है। मैंने वर्ष 2026 में एडवांस टेक्नीकल एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर (ATITC), महू से कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) ट्रेड में अपना आई.टी.आई. प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। ATITC में प्रशिक्षण के दौरान मुझे तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक कौशल, अनुशासन, टीमवर्क, समय प्रबंधन एवं कार्य के प्रति जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण गुणों को सीखने और विकसित करने का अवसर मिला। ATITC में प्रशिक्षण के दौरान मैंने Advanced Excel, Python, Web Designing, DBMS, SQL तथा Basic Hardware एवं Software जैसे विभिन्न तकनीकी विषयों का अध्ययन किया। इन विषयों के माध्यम से मुझे कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की व्यावहारिक समझ विकसित करने में काफी सहायता मिली। प्रशिक्षण के दौरान कराए गए विभिन्न प्रैक्टिकल कार्यों एवं गतिविधियों ने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया और मुझे समस्याओं का समाधान स्वयं करने की क्षमता प्रदान की। मेरी मेहनत, निरंतर सीखने की इच्छा और ATITC से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम उस समय सामने आया, जब मेरा FEDEX EXPRESS, इंदौर में चयन हुआ। यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और गर्व का क्षण था। आज मैं एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन में कार्य करते हुए ATITC में सीखे गए अपने तकनीकी ज्ञान, कंप्यूटर कौशल एवं व्यावहारिक क्षमताओं का वास्तविक कार्यक्षेत्र में उपयोग कर रही हूँ। कार्य करते हुए मुझे नई तकनीकों और प्रक्रियाओं को सीखने तथा अपने कौशल को निरंतर बेहतर बनाने के अवसर मिल रहे हैं। ATITC में बिताया गया । मेरा प्रशिक्षण काल मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण रहा है। इस संस्थान ने मुझे केवल एक ट्रेड का प्रशिक्षण ही नहीं दिया, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, जिम्मेदारी, टीमवर्क और निरंतर सीखने की भावना भी विकसित की। प्रशिक्षण के दौरान मिले मार्गदर्शन ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि सही दिशा में मेहनत और लगन से अपने करियर में सफलता प्राप्त की जा सकती है। मैं ATITC के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। उनके मार्गदर्शन, सहयोग और निरंतर प्रयासों ने मुझे अपने करियर की एक मजबूत शुरुआत करने में सहायता की। ATITC से प्राप्त प्रशिक्षण ने मेरे लिए रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले और मेरे जीवन में एक सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण बदलाव लाया।

113/2 बी., ग्राम- हरनियाखेड़ी, वेटेनरी महाविद्यालय के सामने, ए.बी. रोड़, महू, जिला इन्दौर-453446 फोन 07324-276114

admin@atitc.in | www.atitc.in